Title: Need to increase the support price for 'Narma Cotton' with a view to protect the interests of cotton growers of Sriganganagar, Rajasthan.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : उपाध्यक्ष महोदय, नरमा-कपास की फसल सी.सी.आई. श्रीगंगानगर, राजस्थान में बहुत ही कम दामों पर खरीद रही है। 1990 में कौटन (जीन्स) के भाव 2000 रुपए प्रति क्विंटल थे, परन्तु वर्तमान वर्ा 2004 में कॉटन जीन्स के भाव गिरकर मात्र 1600 रुपए प्रति क्विंटल हो गए हैं। किसान को जीन्स के सही भाव नहीं मिल रहे हैं। डीजल, खाद व कीटनाशक पदार्थों के भावों में दिनोंदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। किसानों का जीना भी दुर्लभ हो गया है। कृपा कर के केन्द्र सरकार किसानों की उपज के भावों में वृद्धि करे ताकि किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य मिल सके।